# नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव पहुंचे रांची, आज लेंगे शपथ



● रांची एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव मंगलवार को एयर इंडिया के विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्रार एस्टेब्लिशमेंट, प्रोटोकॉल के अधिकारी, लॉ सेक्रेटरी, रांची डीसी, राजपाल के प्रधान सचिव, रांची एसएसपी ने उनका स्वागत किया। वहां से नवनियुक्त चीफ जस्टिस होटल रेडिसन ब्लू पहुंचे, जहां वे मंगलवार को रूकेंगे। बुधवार की सुबह 10:30 राज्यपाल उन्हें राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। बता दें कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को स्थानांतरित करते हुए झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है।

# मोर पक्षी की थीम पर आधारित होगा स्वर्ण जयंती क्लब का पंडाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्वर्ण जयंती क्लब दुर्गा पूजा समिति बरियातु हाउसिंग कॉलोनी में इस बार इको फ्रेंडली पंडाल बनाया जा रहा है। पंडाल मोर पंक्षी के थीम पर आधारित है। पूजा समिति के अध्यक्ष सत्यम सत्यदर्शी और देवराज सिंह ने बताया कि पंडाल की ऊंचाई 50 फीट और चौड़ाई 60 फीट की है। इस पंडाल को बनाने में प्लाई, बांस बीट, स्पंज, साल पत्ता, लोहा का फ्रेम, फोम एवं मोती का इस्तेमाल किया जा रहा है। पंडाल का निर्माण सुनील पात्रा की देखरेख में किया जा रहा है। इस पंडाल को बनाने में 25 पुरुष और 15 महिला लगे हुए हैं।



**पूजा में कुल खर्च-** 24 लाख, पंडाल में लागत- 12 लाख, मूर्ति में लागत - 2 लाख, लाइट में लागत- 2 लाख, साउंड में लागत- 60 हजार, प्रसाद में लागत- 2 लाख, सप्तमी- फल प्रसाद, अष्टमी- सिंघाड़ा आटा का हलवा शुद्ध घी में, नवमी- खीर प्रसाद, दशमी- खिचड़ी, एकादशी- भंडारा (पांचों दिन लगातार प्रसाद)

# सदर अस्पताल में दस दिनों में शुरू हो जाएगी ईकोकार्डियोग्राफी की सुविधा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल में जल्द ही इकोकार्डियोग्राफी की शुरुआत की जाएगी। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार के अनुसार, दो अक्तूबर से पहले इकोकार्डियोग्राफी मशीन से मरीजों को जांच की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। न्यूनतम दरों पर मरीजों को ईको की सुविधा मिलेगी। वहीं, कार्ड और योजनाधारी मरीजों के लिए निःशुल्क जांच की सुविधा रहेगी। शुल्क अबतक तय नहीं किया गया है, पर न्यूनतम ही होगा। बता दें कि इस सुविधा के शुरू होने से हृदय रोगियों को बड़ी संख्या में लाभ मिलेगा। सदर में इसके शुरू होने से रिम्स का लोड बहुत अधिक कम हो जाएगा। साथ ही सदर अस्पताल में हृदय जांच कराने आने वाले मरीजों को अब निजी केंद्रों में जाकर ईको नहीं कराना होगा।

**सौ से अधिक मरीजों को प्रतिदिन होगा फायदा :** सदर अस्पताल में इकोकार्डियोग्राफी शुरू हो जाने से प्रतिदिन सौ से अधिक हृदय रोगियों को लाभ मिल सकेगा। बता दें कि रिम्स में बड़ी संख्या में हृदय रोगी ईको कराने पहुंचते हैं, पर उन्हें सात से आठ दिन का नंबर मिलता है। इससे कई बार मरीजों की समस्या बढ़ जाती है। अब सदर में शुरू होने से मरीज रिम्स के बजाय सदर में भी ईको करा सकेंगे। बता दें कि कई बार रिम्स में ईको नहीं हो पाने के कारण मरीज निजी जांच केंद्र में अधिक पैसे में जांच कराते हैं।

# संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति कचहरी चौक के अध्यक्ष अजय गुप्ता और कार्यकारी अध्यक्ष बने नीरज वर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संग्राम क्लब दुर्गा पूजा समिति कचहरी चौक की बैठक सोमवार को मां संतोषी माता मंदिर में समिति के संरक्षक राजेश कुमार लाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीते वर्ष की पूजा के आय व्यय का ब्योरा कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा के द्वारा रखा गया एवं सर्वसम्मति से वर्ष 2023 की पुरानी कमेटी को भंग कर इस वर्ष 2024 के लिए नई कमेटी घोषित की गई।

**2024 की नयी कमेटी इस प्रकार है**

संरक्षक- दिलीप चौधरी, डॉ अशोक लाल, इंद्र गुप्ता, पारस गुप्ता, उपेंद्र सिंह, प्रणय कुमार, डॉ राजेश गुप्ता (छोटू), महेश चंद्रा, सुनील जायसवाल, गौतम तिवारी, आनंद चौधरी, लक्ष्मी केडिया, आशा देवी, प्रवीण कुमार, संयोजक- संतोष गुप्ता, सह संयोजक- अभिषेक राज (सन्टी), अध्यक्ष- अजय गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष - नीरज वर्मा, उपाध्यक्ष- सुदीप नारायण (बंटी), दीपू वर्मा, सुजीत शाही, गौरव सिंह (छोटू), अविनाश वर्मा, सौरव गुप्ता, सचिव- संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष- अरुण वर्मा, सह-कोषाध्यक्ष- रविशंकर गुप्ता, विजय गुप्ता, सह सचिव- सोनू कुमार, सौरव गुप्ता (सोनू), प्रिंकेश शुब्बा, अमित कुमार(बबलू), प्रचार मंत्री- समीर वर्मा, शुभम रजक, अमित वर्मा, रितिक वर्मा, अमन वर्मा, सह प्रचार मंत्री- सन्नी वर्मा, निखिल वर्मा, राहुल वर्मा, पूजा प्रभारी- पंकज वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, विजय सिंह, सपन डोगरा, 21 कार्यकारणी सदस्य- राजेश वर्मा, गोपाल रजक, सुमन गुप्ता, पूरण वर्मा, अजय वर्मा, धीरज रजक, शेखर वर्मा, सूरज चौधरी, कमल रजक, कुणाल गुप्ता, अनिल कुमार, हर्षवर्धन गुप्ता, शशि गुप्ता, मंटू कुमार गुप्ता, पंकज रजक, राहुल गुप्ता, छोटू वर्मा, शंभू वर्मा, सुनील रजक, अनिल रजक।

इनके अलावा समिति में 200 सदस्य को रखा गया है जो पूजा के दौरान मां भगवती की सेवा में तत्पर रहेंगे।

# जानिये कैसे दें अपना वोट, समाहरणालय परिसर में हर दिन हो रहा मतदान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव में भले ही अभी दो माह बचे हैं। लेकिन मतदान की प्रक्रिया हर दिन जारी है। जी, हां समाहरणालय परिसर में ई.वी.एम. प्रदर्शन केन्द्र बने हैं, जहां लोगों से वोट करने की अपील की जाती है। लोग वोट भी करते हैं। ठीक उसी तरह जिस तरह लोकसभा या विधानसभा में होता है। हालांकि यह मॉक (रिहर्सल) है। लोगों में जागरूकता के उदेश्य से चालू किया गया है। वोट देने से पहले लोगों के नाम, मोबाइल नंबर आदि नोट कर उन्हें ईवीएम मशीन में वोट करने दिया जाता है। ईवीएम मशीन पर ठीक उसी तरह क्रमांक होते हैं, जिस तरह अल्फावेटिकल प्रत्याशियों के नाम। फिर उनके आगे चुनाव चिन्ह होते हैं। लेकिन असली वाला नहीं होता है। आगे के लाल बटन दबाते ही प्रिंटर एक वैलेट पर्ची प्रिंट करेगा, जिसमें पसंद के प्रत्याशी के क्रमांक, नाम और चुनाव चिन्ह अंकित होगा। 'जानिये कैसे दें अपना वोट' के साथ ही लोगों में मतदान के प्रति विश्वास पैदा कराता है। लोगों को भरोसा मिलता है कि उनके वोट ईवीएम से सही होता है। ईवीएम मशीन के खिलाफ किसी के दुष्प्रचार से चीजें नहीं बदलती। विश्वसनीयता आज भी उतनी ही है। समाहरणालय भवन ए और बी दोनों परिसर के भूतल पर यह केन्द्र बनाया गया है। लोग बताते हैं कि भारत निर्वाचन आयोग की पहल सराहनीय है।

## खबर एक नजर में

### आरोपी सद्दाम हुसैन की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में जेल में बंद सद्दाम हुसैन को झटका लगा है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। पूर्व में अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। उसने मामले में 20 सितंबर को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। वह जमीन फजीर्वाड़े के तीनों मामले में चार्जशीटेड है। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में ईडी ने 13 अप्रैल 2023 को किया सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 90वां स्थापना दिवस मनाया

**रांची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र रांची अंचल कार्यालय में 90वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस गौरवपूर्ण मौके पर रांची अंचल कार्यालय से शिखा कुमारी चौधरी, अंचल प्रबंधक, रोहित रमण, उप अंचल प्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में सरला बिरला विश्वविद्यालय के डीन, हरि बाबू शुक्ला और बैंक के विभिन्न शाखाओं से जुड़े ग्राहक मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्राहकों को सम्मानित किया गया तथा साथ ही साथ व्यापार वृद्धि पर विस्तृत चर्चा की गयी।

### पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य की मौत



इटकी। पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य मनीष कच्छप उर्फ मंगा उरांव की रहस्मय ढंग से मौत हो गयी। उसका शव परिजनों द्वारा लोहरदगा जिले के न्यू राज हॉस्पिटल के स्ट्रेचर में पाया गया। उसका दाहिना हाथ केहनु के पास टूटा हुआ था। शरीर में कहीं भी खरोंच का भी निशान नहीं था। गढ़गांव शव पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने सशस्त्र बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। मृतक मंगा उरांव की पत्नी दशमी उराईन ने पुलिस को अपने फर्द बयान में जानकारी दी कि अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया और बताया गया कि उसके पति की दुर्घटना हो गयी है लोहरदगा हॉस्पिटल में हैं। सूचना पर दशमी उराईन अपने मौसेरे देवर के साथ लोहरदगा न्यू राज हॉस्पिटल पहुंची तो उसका पति मंगा उरांव स्ट्रेचर में पड़ा था उसकी मौत हो चुकी थी। उल्लेखनीय है कि मंगा उरांव के विरुद्ध विभिन थाना में उग्रवादी गतिविधि लूटपाट का मामाला दर्ज है। जबकि इटकी थाना में तीन मामला दर्ज है। जिसमें विजय उरांव की हत्या, सड़क निर्माण आरकेडी कम्पनी के रोलर जलाने और गढ़गांव में झारखंड राज्य शिवसेना प्रमुख दीपक सिंह, भोमा सिंह और नरेश महतो पर गोलीबारी कर जानलेवा हमला करने का आरोपी था।

### कोचिंग के लिए गयी 15 वर्षीया छात्रा लापता



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र आंनदी की एक 15 वर्षीया छात्रा मंगलवार को अचानक लापता हो गई। बताया गया कि शिवाजी प्रतिभा विकास विद्यालय दड़दाग ओरमांझी की कक्षा 9वीं की छात्रा निभा भारती प्रत्येक दिन की तरह सुबह 5.30 कोचिंग कलास ओरमांझी जाने के लिए अपने घर से निकली थी। उसके बाद वह वापस नही लौटी, काफी देर होने के बाद जब स्वजनों ने पता लगाया तो छात्रा का कहीं पता नहीं चला। उसके दोस्ता सहित कई लोगों से छात्रा के संबंध में जानकारी ली गई। नही मिलने पर उसके पिता षिवषंकर महतो द्वारा ओरमांझी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराकर पुलिस से बेटी को तलासने की गुहार लगाई गई। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा छात्रा को तलासने का प्रयास की जा रही है। इधर छात्रा के परिजन छात्रा के साथ अनहोनी घटना होने को लेकर काफी चिंतित हैं।

### वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के पतरातू गांव निवासी वसीम अंसारी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। थाना प्रभारी विनित कुमार ने बताया कि पतरातू गांव में हुए मारपीट में वसीम अंसारी नामजद अभियुक्त था।

# इडी ने जमीन कारोबारी कमलेश के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ईडी ने जमीन माफिया कमलेश सिंह उर्फ कमलेश शर्मा से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले की जांच पूरी करते हुए मंगलवार को पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) दाखिल कर दी है। चार्जशीट में कमलेश सिंह के साथ कांके सीओ जय कुमार राम, पूर्व सीओ दिवाकर द्विवेदी समेत 6 के नाम शामिल हैं। अन्य तीन लोगों के खाते में पैसा मंगवाया गया था। उसको ईडी ने चार्जशीटेड किया है। ईडी ने जमीन घोटाले में कमलेश सिंह को 27 जुलाई को गिरफ्तार किया था। 29 जुलाई को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ प्रारंभ की गई थी। 13 दिनों की पूछताछ पूरी होने के बाद ईडी ने उसे पुनः बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया था। तब से वह जेल में ही है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत एक अक्तबर को संज्ञान ले सकती है। संज्ञान लेने के बाद जेल से बाहर के आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया जायेगा। मालूम हो कि कमलेश सिंह के घर में छापेमारी के दौरान उसके फ्लैट से एक करोड़ नगदी मिला था। साथ ही 100 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया था। इसका केस अगल किया गया है। ईडी ने कमलेश के खिलाफ 27 जुलाई को केस किया है। जिसमें अमरेंद्र कुमार पांडे एवं नुरूल अंसारी का नाम शामिल है।

## दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने 139 छात्र-छात्राओं को दिये मेडल, कहा

# समाज हित में आगे आयें युवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। दुमका में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्राओं के बीच डिग्री और मेडल का वितरण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को देशहित में काम करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ) क्षिति भूषण दास शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में 63 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक और 76 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। कार्यक्रम में एसकेएमयू के कुलपति डॉ. विमल प्रसाद सिंह के साथ-साथ विश्वविद्यालय के तमाम



पदाधिकारी मौजूद थे।

**समाज की उन्नति में दें अपना योगदान :** इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल और डिग्रियां देने के बाद उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उनसे अपील की कि आप समाज और देश की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि आपकी यह उपलब्धि सिर्फ आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए नहीं है, बल्कि इस ज्ञान के माध्यम से आप अपने समाज को आगे ले जाने का काम करें। राज्यपाल ने कहा कि यहां से डिग्री प्राप्त करने के बाद आपके सामने कई चुनौतियां होंगी, उन चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना करें और आगे बढ़ें। आप सामाजिक न्याय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग कर पूरे देश को आगे बढ़ाने का काम करें. उन्होंने कहा कि आप अपने शोध के माध्यम से भी समाज की जो समस्या है, उसका समाधान ढूंढें।

### लॉटरी घोटालों को लेकर झारखंड पुलिस ने आम लोगों से की अपील, कहा- रहें सतर्क

रांची। लॉटरी घोटालों को लेकर झारखंड पुलिस ने आम लोगों से अपील कर सतर्क रहने को कहा है। झारखंड पुलिस ने कहा कि लॉटरी घोटालों से सावधान रहें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी कभी भी अजनबियों के साथ साझा न करें। सतर्क रहें और धोखाधड़ी से खुद को बचाएं। गौरतलब है कि लॉटरी घोटाला ऐसी धोखाधड़ी है, जिसकी शुरुआत एक ऐसे ईमेल के नोटिफिकेशन या फिर फोन कॉल से होती है। जिसकी आपने कल्पना भी न की हो। इसमें बताया जाता है कि आपने लॉटरी टिकट में बड़ी राशि जीती है और इसके लिए एजेंट से उसके खास फोन नंबर या ईमेल पते पर संपर्क करने के लिए कहा जाता है। जो हकीकत में घोटालेबाज का होता है। एजेंट से संपर्क करने के बाद, लॉटरी का इनाम प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा जाता है

# राज्यस्तरीय ओपन किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची को तीसरा स्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ओपन किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रांची की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। 21 से 22 सितंबर तक धनबाद के गोविंदपुर स्थित केके पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर रांची जिला किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू ने सभी खिलाड़ियों और कोच को बधाई दिया और सम्मानित करने की घोषणा की।




उन्होंने कहा हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर होता जा रहा है। राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगितओ में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। प्रतियोगिता में महासचिव गुलाम जावेद रैफरी रहें टीम कोच कमल किशोर कच्छप मैनेजर सिंटू कुमार थे। रांची जिला परिणाम इस प्रकार रहा। 25 वर्ष सीनियर वूमेन 50 कि ग्र में काजल कुमारी काष्या पदक,कोमल सलोनी लकड़ा 13 वर्ष 49कि ग्र में स्वर्ण पदक,रिधिमा 13 वर्ष 35 कि ग्र में रजत पदक,रजनी कुमारी 23 वर्ष सीनियर महिला में रजत पदक, मनी कुमारी 16 वर्ष 36कि ग्र में रजत पदक आयुष कुमार 14 वर्ष 75 कि ग्र में स्वर्ण पदक अनुज कुमार 16 वर्ष 60कि ग्र में रजत पदक प्रिंस राज ताना भगत 13 वर्ष 33 किग्र में स्वर्ण पदक रोहित उरांव 17 वर्ष 59 किग्र में कांस्य पदक फैजल अंसारी 11वर्ष 33 किग्र में रजत पदक रुपेश कुमार महतो 16 वर्ष 53 किग्र में कांस्य पदक उमेर अराफात 16 वर्ष 55किग्र में स्वर्ण पदक याद राज कश्यप 12 वर्ष 50 किग्र में कांस्य पदक प्राप्त किए।

# सुखदेवनगर में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार

● 16 पुड़िया ब्राउन शुगर और एक बाइक बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते दो युवक गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सित्ती राम और अभिषेक यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों किशोरगंज के रहने वाले हैं। इनके पास से पुलिस ने 16 पुड़िया ब्राउन शुगर और एक बाइक बरामद किया है। मंगलवार को डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि किशोरगंज रोड नंबर पांच के पास अवैध नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गयी। पुलिस बल को देख भागने के क्रम में सित्ती राम और अभिषेक यादव को पकड़ा गया।

### विद्यार्थियों ने जाना भारतीय मानक ब्यूरो का महत्व, प्रतियोगिता के विजेता छात्र हुए सम्मानित



**ओरमांझी।** विश्व मानक दिवस के अवसर पर मंगलवार को झारखंड पब्लिक स्कूल केदल में एक कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्रीओं को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की जानाकरी दी गई। बीआईएस जमशेदपुर शाखा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत छात्रों को भारतीय मानक ब्यूरो की जानाकरी व महत्व बताया गया। साथ ही भारतीय मानक व्यूरो से संबंधित छात्रों के बीच लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन कर विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम अल्तमश व सैफ निजामी को एक-एक हजार दिया गया। द्वितीय प्रिती व सायमा परवीन को सात सौ पचास, तृतीय फरहान अली व मुनसफ के साथ सांत्वना पुरस्कार विजेता तैजीन व सना आफरीन को पांच-पांच सौ दिया गया। मुख्य अतिथि भारतीय मानक व्यूरो के मेंटर प्राचार्य फिरोज अंसारी छात्रों को सम्मानित किया और भारतीय मानक व्यूरो व उसके महत्व की जानकारी देते हुए कहा लोगों को खरीदारी करने से पूर्व भारतीय मानक व होल मार्क कर जरूर ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में उपप्राचार्य तारिक अनवर, जे. समद, अनवर आलम, रंजीत कुमार, रेशमा खातून, राजीव कुमार, सोनम जरिया छात्र-छात्राएं सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने अनगड़ा में छह सड़कों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

● कार्य की गुणवक्ता से नहीं किया जाएगा कोई समझौता : राजेश कच्छप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** विधायक राजेश कच्छप ने मंगलवार को विशेष मरम्मत कार्य योजना के तहत ग्रामीण कार्य विभाग से बनने वाले तीन सड़कों तथा विधायक मद एवं अनावध योजना के तहत बनने वाले तीन कूल छह सड़कों के निर्माण कार्य



का शिलान्यास किया। विधायक श्री कच्छप ने जरगा से अम्बाझरिया तक 9 किलोमीटर घोड़लतवा से गवर बेड़ा तक 3.2 किलोमीटर गंगा घाट पक्की सड़क से बानपुर तक 3 किलोमीटर सड़क मजबूतीकरण योजना का शिलान्यास किया इन सड़कों का कार्यान्वयन ग्रामीण कार्य विभाग से होगा। जबकि श्री कच्छप ने अपने विधायक मद से ग्राम बोंगईबेड़ा टोला सिरपा में बजरंगबली मंदिर से गोपाल महतो के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण बोंगाईबेड़ा के डुमरबेड़ा में महादेव उरांव के घर से सोमा उरांव के घर तक 1385 फीट पीसीसी सड़क निर्माण तथा बानपुर नदी ढीपा में काला रोड से फिलीप मिंज के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का आधारशिला रखा गया।

मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि वे अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में विकास की एक लम्बी लकीर खिंची है। वे विकास के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध हैं यही कारण है कि क्षेत्र वासियों को इन योजनाओं की सौगात मिली है। श्री कच्छप ने कहा कि कार्य की गुणवक्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मौके पर विधायक की धर्म पत्नी रिया तिर्की विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग सकीर अंसारी सचिन नायक अजय करमाली मुखिया हिरदू उरांव क्रिस्टीना तिर्की पंसस संज्योति देवी एमलेन खेश उपमुखिया अंजली कुमारी सहित जितेन्द्र महतो छोटेलाल महतो दशवा उरांव अशोक उरांव जीवधन बेदिया सुजय महतो धनीराम महतो अनमोल लकड़ा खुशबू तिर्की प्रदीप महतो शंकर उरांव सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास का आरोपी गिफ्तार, जेल

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के उलातु में मंदिर निर्माण के दौरान गांव की एक आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला फरार आरोपित को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। 21 फरवरी 2024 को हुई घटना के संबंध में बताया गया कि ठेकदार द्वारा मंदिर निर्माण कराया जा रहा था। वहीं मजदूरी कर रहे बिलासपुर थाना उड़िसा का 26 वर्षीय युवक सिंपुजेना उमर मौक देख बच्ची से दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। गांव वालों इसकी जानकारी मिलने पर गए तो गांव वालों को आता देख आरोपी युवक फरार हो गया था। ओरमांझी पुलिस ने उसके घर उड़िसा से गिरफ्तार किया है।

# पिठोरिया पहुंचा हाथियों का झुंड, फसलों को रौंद डाला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिठोरिया।** बुढ़मू, ठाकुरगांव के बाद अब हाथियों का झुंड पिठोरिया के जंगलों में अपनी हरकत मचाना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 22 हाथियों का झुंड पिठोरिया क्षेत्र के सारू बेड़ा के जंगलों में आ पहुंचा, वहां से होता हुआ दोपहर कौवा टोगरी में आ धमका फिर देर शाम हाथियों का झुंड कौआटोगरी से राढहा के रतनटाड़ में आ पहुंचा जिससे लोगों में काफी दहशत का माहौल है हाथियों के इस समूह ने जहां एक और अपने रास्ते पर पड़ने वाले खेतों में लगे धान की फसलों को रौदते चले गए। वहीं दूसरी आर इलाके के लोग दहशत से घरों में दुबके रहे। हालांकि वन विभाग की टीम भी देर शाम जंगलों में पहुंची हुई है और टीम द्वारा हाथियों के झुंड को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कोशिश जारी है साथ ही साथ ग्रामीणों से वन विभाग की टीम द्वारा यह अपील की जा रही है की कोई भी अनावश्यक इधर-उधर ना होवे तथा हाथियों के झुंड को किसी प्रकार छेड़छाड़ ना करें, जो भी हो हाथियों के झुंड के आगमन से पिठोरिया इलाके के पुसू पंचायत और राढहा पंचायत के दर्जनों गांव के लोग काफी दहशत में है और सब लोगों ने अपने-अपने मोहल्ले में मशाल जलाकर लोग रात जग्गा करते हुए हाथियों से बचाव के कई उपाय ढूंढ रहे हैं।

## होटलो गांव में जंगली हाथियों ने रौंद डाली खेतों में लगी फसल

**राहे।** प्रखंड के होटलो गांव में सोमवार की रात हाथियों के झुंड ने खेत में लहलहाते धान के फसल को रौंदा दिया हैं। धान के फसल में अब बालियां निकल रहे है। साल भर का मेहनत चंद मिनटों में बर्बाद हो रही है। किसान हताश है। किसान सोना दास, विनोद गोंझू,संजय महतो,जयदेव महतो,गोकुल दास, निरण महतो, परमेश्वर महतो, धर्मेंद्र महतो आदि के दस एकड़ जमीन में लगे धान फसल बर्बाद हुए है। किसानों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग किया है। 40-45 की संख्या में हाथियों का झुंड बांस वन में एक सप्ताह से डेरा डाले हुए है। इसमें कुछ की संख्या में रेलाडीह, हुमटा, जाड़ेया, डूगली वन होते हुए होटलो जंगल में पहुंचे है। हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## संस्कृति को अक्षुण रखने का सशक्त माध्यम है प्रार्थना सभा : निर्मला भगत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि सरना प्रार्थना सभा धर्म के अलावा लोगों के सुख-दुःख को समझने और आदिवासियों की संस्कृति को अक्षुण रखने का सशक्त माध्यम है। इसमें समाज के युवाओं की भूमिका अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरना रत्न स्व बीरेंद्र भगत के बताये रास्ते पर चलकर हम नयी पीढ़ी को दिशा देने में कामयाब होंगे। वह मंगलवार को काटू में आयोजित प्रार्थना सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण उरांव, पूर्व जिप सदस्य और सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष अमर उरांव, सुकरा उरांव व सुशांत तिर्की ने भी अपनी बातें रखी। इससे पूर्व दर्जनों कीर्तन मंडली ने गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। इससे माहौल गुंज उठा। इसकी सफलता में सुचिता तुंबील, सुष्मिता तिर्की, रेणु तिर्की, रमन खलखो, फिरोज तिर्की, मालती उरांव, मीना देवी, मंजू उराव व शांता खलखो की खास भूमिका निभायी।

## डीएसपी ने खेत-झाड़ियों में की साक्ष्य की तलाश

### ओरमांझी के युवक की संदिग्ध हत्या का मामला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के गणेशपुर में करमा पूजा के दिन 14 सितंबर को हुई गांव के युवक दिलमोहन बेदिया की संदिग्ध हत्या का सुराग पुलिस को घटना के 10 दिन बाद भी हाथ नही लगी है। मंगलवार को हत्या साक्ष्य की तलास में डीएसपी रणवीर सिंह गणेशपुर पहुंचे। ओरमांझी थाना प्रभारी अनिल तिवारी व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ उन्होंने घटना स्थल व आसपास की क्षेत्र का निरीक्षण किया। साथ ही जिस कुंए से युवक का शव बरामद हुआ था। उस कुएं के अलावे आसपास की खेत व झाडियों में भी साक्ष्य तलासने का प्रासक किया। उन्होंने घटना स्थल व आसपास रहने वाले कई घरों के ग्रामीणों से भी पूछताछ किया। इसके अलावे पुलिस को पूछताछ के दौरान जो भी संदिग्ध बाते सामने आ रही है या घटना की रात को युवक से जुड़े जो भी जानाकरी मिल रही है। उस अधार से अनुसंधान कर घटना का उद्भेदन करने का प्रयास की जा रही है। हालांकि पुलिस को अभी पोस्मार्टम रिर्पोट आने का इंतजार है। उससे पहले पुलिस द्वारा घटना स्थल से कुछ दूर मिले युवक की मोबाइल व काल डिटेल्स से मिल रही जानकारी के अधार पर लोगों से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी व थाना प्रभारी ने मामले का जल्द उद्भेद होने की उम्मीद जताई गई है। मौके पर एसआई चंद्रदेव सिंह सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## हुलसी गांव में ग्रामीणों ने श्रमदान से बनायी सड़क



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हुलसी गांव में मंगलवार को ग्रामीणों ने श्रमदान से डेढ़ किलोमीटर तक मोरम डालकर सड़क बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि हुलसी गांव जानेवाली सड़क बारिश के बाद खराब हो गई थी। जिससे आवागमन को लेकर ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसके बाद ग्रामीणों ने जनहित में स्वयं मोरम डालकर सड़क बनाने का बीड़ा उठाया। इधर श्रमदान से सड़क बनने पर ग्रामीणों ने राहत का सांस लिया है। वहीं इस मुहिम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान रिझिरकन टोप्पो, ग्राम महतो शिवशंकर तिर्की, विशु उरांव, फगुवा उरांव, जगन्नाथ उरांव, संजय उरांव, आनंद टोप्पो व शंकर उरांव आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## खेलो इंडिया ताइक्वांडो के लिए डीएवी खलारी के चार का चयन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** खेलों इंडिया के तहत डीएवी स्कूल खलारी के चार छात्राओं का चयन वीमेंस लीग प्रतियोगिता में हुआ। खेलो इंडिया वीमेंस लीग प्रतियोगिता देवघर में 22 व 23 सितंबर दिन खेला गया। विद्यालय से चार छात्राओं में साइमा जावेद, चंचल कुमारी,अंकित इक्का एवं आनंदिता सिंह का चयन खेलो इंडिया ताइक्वांडो के लिए हुआ है। ये सभी खिलाड़ी मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित किया गया। वही तीन से सात अक्टूबर को अरुणाचल प्रदेश में आयोजित होगी। प्रतियोगिता के लिए विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने चयनित सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है एवं आशा व्यक्त किया। सभी खिलाड़ी अपना सराहनीय प्रदर्शन करेंगे तथा विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे।


## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

67वीं औपबंधिक सूची
जिला-रांची (पार्ट-2)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.02021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रतनलाल महतो एवं लक्ष्मी नारायण महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 61. | 1. आवेदन क्र0-1735/24 2. आवेदक-अजित कुमार महतो , पिता-महेन्द्र नाथ महतो<br>3. ग्राम- सिल्ली , पोस्ट- सिल्ली , थाना- सिल्ली , प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाये गाल पर तील। | कंडिका-2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0-1736/24 2. आवेदक-सजल कुमार मंडल , पिता- सत्य किंकर मंडल<br>3. ग्राम-जामुदाग , पोस्ट-जामुदाग , थाना-सोनाहातु , प्रखण्ड-सोनाहातु<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाये आँख के निचे घाव का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0-1737/24 2. आवेदक-रविन्द्र नाथ महतो , पिता-अनन्तराम कुशवाहा<br>3. ग्राम-दुलमी , पोस्ट-लोवाहातु , थाना-सोनाहातु , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-कपाल पर कटे का चिन्ह। | कंडिका-2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0-1738/24 2. आवेदक-भक्ति पद मंडल , पिता- धनंजय मंडल<br>3. ग्राम-जामुदाग , पोस्ट-जामुदाग , थाना-सोनाहातु , प्रखण्ड-सोनाहातु<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0-1739/24 2. आवेदक-बन्धी प्रसाद कोईरी , पिता- विसम्बर कोईरी<br>3. ग्राम-एडरमहातु , पोस्ट-एडरमहातु , थाना-सोनाहातु , प्रखण्ड-सोनाहातु<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-कपाल पर कटा का चिन्ह। | कंडिका-2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0-1740/24 2. आवेदक-रविकान्त विश्वकर्मा , पिता- स्व0 मेवालाल विश्वकर्मा<br>3. ग्राम-छोटामुरी , पोस्ट-छोटामुरी , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-ठुड्डी के नीचे कटा दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0-1741/24 2. आवेदक-सुशीला देवी , पति-स्व0 कृष्ण महतो<br>3. ग्राम-कारेयाडीह , पोस्ट-पतराहातु , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-महिला , आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-गला में तील का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0-1429/24 2. आवेदक-पंचानन दास गोस्वामी , पिता- स्व0 नंदलाल दास गोस्वामी<br>3. ग्राम-टुटकी , पोस्ट-टुटकी नवाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-ठुड्डी के नीचे कटा दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0-1743/24 2. आवेदक-रेणुका देवी , पति-स्व0 रमेश चन्द महतो<br>3. ग्राम-दुन्कू , पोस्ट-दोवाडू , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-महिला , आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-पीठ पर तील का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0-1744/24 2. आवेदक-सुमन्त महतो , पिता-स्व0 विश्वनाथ महतो<br>3. ग्राम-टुटकी , पोस्ट-टुटकी नवाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने कान के निचे तील। | कंडिका-2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0-1745/24 2. आवेदक-भोला नाथ महतो , पिता-स्व0 आशाराम महतो<br>3. ग्राम-टुटकी , पोस्ट-टुटकी नवाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-नाक के निचे तील। | कंडिका-2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0-1746/24 2. आवेदक-शशिकांत विश्वकर्मा , पिता- स्व0 मेवालाल विश्वकर्मा<br>3. ग्राम-छोटामुरी , पोस्ट-छोटामुरी , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-नाक पर तील का चिन्ह। | कंडिका-2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0-1747/24 2. आवेदक-क्षेत्र मोहन महतो , पिता-स्व0 बलदेव महतो<br>3. ग्राम-उरावडीह , पोस्ट-राहे , थाना-सोनाहातु , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-कपाल मे कटा दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0-1761/24 2. आवेदक-रवि शंकर साहु , पिता-स्व0 जगबन्धु साहु<br>3. ग्राम-छोटा मुरी , पोस्ट-छोटामुरी , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें आंख के उपर मासा। | कंडिका-2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0-1762/24 2. आवेदक-त्रिभुवन महतो , पिता-जगदीश महतो<br>3. ग्राम-छोटा मुरी , पोस्ट-छोटामुरी , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें घुटना में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0-1763/24 2. आवेदक-गोवर्धन महतो , पिता-जितुराम महतो<br>3. ग्राम-धतकीडीह , पोस्ट-राहे , थाना-राहे , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरा में तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0-1764/24 2. आवेदक-इन्दा देवी , पति-मुनेश्वर महतो<br>3. ग्राम-लोवादाग , पोस्ट-टी0वी. रामपुर , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-महिला , आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ पर तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0-1791/24 2. आवेदक-उत्पल कुमार सुवर्णो, पिता-सुनील कुमार सुवर्णो<br>3. ग्राम-मिजरा , पोस्ट-सिल्ली , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ कलाई के पास कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0-1792/24 2. आवेदक-इलियास अंसारी , पिता-सत्तार अंसारी<br>3. ग्राम-कुटाम , पोस्ट-छोटामुरी , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-छाती पर तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0-1793/24 2. आवेदक-कियामुदीन अंसारी , पिता-सत्तार अंसारी<br>3. ग्राम-कुटाम , पोस्ट-छोटामुरी , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-गाल में मासा का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0-1794/24 2. आवेदक-नरसिंह महतो , पिता-स्व0 बिन्दु महतो<br>3. ग्राम-चोकेसेरेंग , पोस्ट-टुटकी नवाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-छाती पर तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0-1857/24 2. आवेदक-अशोक कुमार महतो, पिता-सहोदर महतो<br>3. ग्राम-लोवाडीह , पोस्ट-लोवाडीह , थाना-सोनाहातु , प्रखण्ड-सोनाहातु<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0-1858/24 2. आवेदक-जन्मेंजय महतो, पिता-स्व0 आनन्द महतो<br>3. ग्राम-डोमनडीह , पोस्ट-टुटकी नवाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0-1859/24<br>2. आवेदक-रविन्द्र नाथ महतो, पिता-स्व0 श्रीपद महतो<br>3. ग्राम-मैसुडीह , पोस्ट-टुटकी नवाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिना अंगुली में कटे का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0-1860/24<br>2. आवेदक-सुभद्रा देवी, पति-लक्ष्मीनारायण महतो<br>3. ग्राम-कोकालगाम , पोस्ट-टुटकी नवाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-महिला , आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-छाती में तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0-1861/24<br>2. आवेदक-फगनी देवी, पति-प्रयाग महली<br>3. ग्राम-कोकालगाम , पोस्ट-टुटकी नवाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-महिला , आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0-1862/24<br>2. आवेदक-लखी राम नायक, पिता-गणेश नायक<br>3. ग्राम-लोटा , पोस्ट-लोटा , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0-1863/24<br>2. आवेदक-बसन्त कुमार महतो, पिता-स्व0 हलधर महतो<br>3. ग्राम-कांशीडीह , पोस्ट-लगाम , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0-1864/24<br>2. आवेदक-पंचानन मिस्त्री, पिता-स्व0 बुटन मिस्त्री<br>3. ग्राम-लुपुंग , पोस्ट-सिल्ली , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0-1865/24<br>2. आवेदक-हेमन्त कुमार महतो, पिता-स्व0 श्रीनाथ महतो<br>3. ग्राम-कोकालगाम , पोस्ट-टुटकी नवाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने ललाट पर तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0-1866/24<br>2. आवेदक-ठाकुर दास कोईरी , पिता-हरि मोहन कोईरी<br>3. ग्राम-हजाम , पोस्ट-बन्ता हजाम , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0-1867/24<br>2. आवेदक-पंचानन महतो, पिता-स्व0 लोबिन महतो<br>3. ग्राम-बन्ता , पोस्ट-बन्ता हजाम , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ में मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0-1868/24<br>2. आवेदक-विनोद मिस्त्री, पिता-स्व0 बुटन मिस्त्री<br>3. ग्राम-लुपुंग , पोस्ट-सिल्ली , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-55 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें ललाट में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0-1869/24<br>2. आवेदक-अष्टमी देवी, पति-बुद्धदेव दत्त<br>3. ग्राम-दोवाडू , पोस्ट-दोवाडू , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-महिला , आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :- चिन्हित झ रखण्ड आन्दोलनकारी रामेश्वर महतो एवं अर्जुन राम (पूर्व विधायक, रामगढ़) द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 95. | 1. आवेदन क्र0-1696/24<br>2. आवेदक-मृत्युंजय महतो , पिता-फेकु महतो<br>3. ग्राम-बनसिया, पोस्ट-बनसिया , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-68 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाये आँख मे तील का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0-1697/24<br>2. आवेदक-अनंत कुमार दास , पिता-स्व0 बिष्णु चरण दास<br>3. ग्राम-लोवाहातु , पोस्ट-लोवाहातु , थाना-सोनाहातु , प्रखण्ड-राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाये आँख के नीचे तील का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0-1698/24<br>2. आवेदक-प्रदीप कुमार महतो , पिता-स्व0 करम सिंह महतो<br>3. ग्राम-बडकीटॉड , पोस्ट-लोटा , थाना- सिल्ली, प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-कपाल के बीच में तील का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0-1699/24<br>2. आवेदक-मधु सुदन महतो , पिता-भुवनेश्वर महतो<br>3. ग्राम-बांधडीह , पोस्ट-लोटा , थाना- सिल्ली, प्रखण्ड- सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ नाक में मासा का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0-1700/24<br>2. आवेदक-कामेश्वर महतो , पिता-स्व0 अनन्त महतो<br>3. ग्राम-धानामुंजी , पोस्ट-बंसिया , थाना- सिल्ली, प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायाँ पैर पर घाव का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0-1701/24<br>2. आवेदक-खेत्र मोहन महतो , पिता-स्व0 शरण महतो<br>3. ग्राम-पोगडा , पोस्ट-पोगडा , थाना- सिल्ली, प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गाल पर तील का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0-1702/24<br>2. आवेदक-बिरेन्द महतो , पिता-रतनलाल महतो<br>3. ग्राम-पोगडा , पोस्ट-पोगडा , थाना- सिल्ली, प्रखण्ड- राहे<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गाल पर मासा का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0-1703/24<br>2. आवेदक-कर्ण महतो , पिता-कालीचरण महतो<br>3. ग्राम-कारेयाडीह , पोस्ट-पतराहातु , थाना- सिल्ली, प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-बाया गाल पर तील का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0-1704/24<br>2. आवेदक-खगेन्द्रनाथ सिंह , पिता-विश्वविजय सिंह<br>3. ग्राम-लोटा , पोस्ट-लोटा , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पंजा पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0-1705/24<br>2. आवेदक-रंथु महतो , पिता-जगतु महतो<br>3. ग्राम-बरवाटोली , पोस्ट-हलमाद , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0-1706/24<br>2. आवेदक-सुखन महतो , पिता-प्राण महतो<br>3. ग्राम-लागाम , पोस्ट-लागाम , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने कान के पास तिल। | कंडिका-2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0-1707/24<br>2. आवेदक-मदन महतो , पिता-हाडिया महतो<br>3. ग्राम-गोडाडीह , पोस्ट-गोडाडीह , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0-1708/24<br>2. आवेदक-मुनु देवी , पति-रंथु महतो<br>3. ग्राम-बरवाटोली , पोस्ट-हलमाद , थाना-सिल्ली , प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-महिला , आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री भुवनेश्वर केंवट एवं सुदामा खलखो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 108. | 1. आवेदन क्र0-1653/24<br>2. आवेदक-मधु लोहरा, पिता-स्व0 डिबरू लोहरा<br>3. ग्राम-सरना टोली खटंगा, पोस्ट-सदर, थाना-सदर, प्रखण्ड-रांची<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-65 वर्ष , पहचान चिन्ह-बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0-1654/24<br>2. आवेदक-जब्बार अंसारी, पिता-करिम अंसारी<br>3. ग्राम-कुताम, पोस्ट-छोटामुरी, थाना-सिल्ली कुताम, प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-62 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0-1655/24<br>2. आवेदक-लाल मोहन बड़ाईक, पिता-नुनु बड़ाईक<br>3. ग्राम-बन्ता, पोस्ट-बन्ता हजाम, थाना-सिल्ली, प्रखण्ड-सिल्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-59 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0-1656/24<br>2. आवेदक-अब्दुल हन्नान, पिता-मो0 सेराजउदीन<br>3. ग्राम-बलसोकरा, पोस्ट-चान्हो, थाना-चान्हो, प्रखण्ड-चान्हो<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-59 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0-1657/24<br>2. आवेदक-महादेव उराँव, पिता-बुधु उराँव<br>3. ग्राम-हरमू नदी पार बस्ती, पोस्ट-हरमू, थाना-सुखदेव नगर, प्रखण्ड-रातू<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-48 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0-1658/24<br>2. आवेदक-मुनु उराँव, पिता-बुलकी तिर्की<br>3. ग्राम-टिकरा टोली ईटकी, पोस्ट-ईटकी, थाना-ईटकी, प्रखण्ड-ईटकी<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-65 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0-1659/24<br>2. आवेदक-जयदेव सोनार, पिता-सत्या सोनार<br>3. ग्राम-बन्ता, पोस्ट-बन्ता हजाम, थाना-सील्ली, प्रखण्ड-सील्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-56 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0-1660/24<br>2. आवेदक-ऋषिकेश महतो, पिता-तिर्थनाथ महतो<br>3. ग्राम-मुरूह, पोस्ट-दोवाडू, थाना-सील्ली, प्रखण्ड-सील्ली<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-50 वर्ष , पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :- चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री पुष्कर महतो एवं ब्रजेश महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 116. | 1. आवेदन क्र0-1778/24<br>2. आवेदक-शिव चरण पातर , पिता-पूर्ण चन्द्र पातर<br>3. ग्राम-तहाई , पोस्ट-विजयगिरी , थाना-तमाड़ , प्रखण्ड-तमाड़<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-45 वर्ष , पहचान चिन्ह-ठुड्डी में तिल का दाग। | कंडिका-2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0-1779/24<br>2. आवेदक-मदन कुमार महतो , पिता-राम मोहन महतो<br>3. ग्राम-मल्हान मुईयांडीह , पोस्ट-बाबुरामडीह , थाना-तमाड़ , प्रखण्ड-तमाड़<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-45 वर्ष , पहचान चिन्ह-दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री नीलकण्ठ महतो एवं निरंजन महतो द्वारा माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 118. | 1. आवेदन क्र0-1807/24<br>2. आवेदक-मुन्नी देवी , पति-गोपाल महतो<br>3. ग्राम-कुरूम , पोस्ट-पालू , थाना-ओरमांझी , प्रखण्ड-ओरमांझी<br>4. लिंग-महिला , आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-बांया पैर में जला का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0-1808/24<br>2. आवेदक-मंजु देवी , पति-ननकु महतो<br>3. ग्राम-तेतरिया टोला कुरूम , पोस्ट-पालू , थाना-ओरमांझी , प्रखण्ड-ओरमांझी<br>4. लिंग-महिला , आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नही। | कंडिका-2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0-1809/24<br>2. आवेदक-मंजु देवी , पति-अमित महतो<br>3. ग्राम-तेतरिया टोला कुरूम , पोस्ट-पालू , थाना-ओरमांझी , प्रखण्ड-ओरमांझी<br>4. लिंग-महिला , आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नही। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री फागु बेसरा , मुनेश्वर ठाकुर एवं शनिचर मांझी द्वारा माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 121. | 1. आवेदन क्र0-1651/24<br>2. आवेदक-रमेश चन्द्र ठाकुर , पिता-विश्वनाथ ठाकुर<br>3. ग्राम-चिपरा , पोस्ट-चिपरा , थाना-रातु , प्रखण्ड-नगड़ी<br>4. लिंग-पुरूष , आयु-60 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाएं गाल पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |

नोट :-
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उरॉव) अध्यक्ष

PR 336740 Home(24-25)#D

